तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, शनिवार 3 मई 2025



13 विधायक अनिला भेड़िया सहित कांग्रेसियों श्रमिक दिवस ..





12 आक्रोशित सैकड़ों ग्रामीणों ने पानी के लिए घेरा ...






## खबर संक्षेप

### बिजली गिरने से पेड़ गिरा दबकर दो गायों की मौत



**डौंडीलोहारा।** गुरुवार की शाम लगभग 5 बजे के आसपास मौसम ने एकाएक करवट बदलते हुए आंधी तूफान के साथ जोर की बिजली चमकी जो कि नगर के वार्ड नंबर 6 राजाबाड़ा परिसर में नीम पेड़ पर गिरी, जहां पर द्वारिका राम यादव पिता रामलाल की गायें बंधी हुई थी, बिजली गिरने से 2 गाय की मृत्यु हो गईं, द्वारिका राम यादव परिवार सहित निवास कर दूध का व्यवसाय करते हैं। पीड़ित को प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान के लिए जल्द ही मुआवजा राशि की मांग की गई है।

### एक देश एक चुनाव विषय पर विचार गोष्ठी आज

**बालोद।** एक देश एक चुनाव जन जागरण अभियान समिति बालोद द्वारा एक देश एक चुनाव विचार गोष्ठी का आयोजन 3 मई को पाची सिनेमा बालोद मे सुबह 10 बजे से 12 बजे तक किया गया है। जिसमे मुख्य अतिथि सांसद कांकेर लोकसभा भोजराज नाग होंगे। विचार गोष्ठी के मुख्य वक्ता पूर्व सांसद राजनांदगांव अभिशेक सिंह होंगे। अध्यक्षता सेवा निवृत्त आईएएस जीआर चुरेन्द्र रहेंगे। जिसमे समिति के संयोजक राकेश द्विवेदी, सेवा निवृत्त तहसीलदार टीआर डहरे, सेवा निवृत्त खण्ड शिक्षा अधिकारी डीआर गजेन्द्र रहेंगे। प्रजापति ब्रम्हकुमारी परिवार रोहिणी साहू, सामाजिक कार्यकर्ता टिनेश्वर बघेल उपस्थित रहेंगे।

### गुप्ता कालेज में वार्षिकोत्सव और सम्मान समारोह आज

**बालोद।** शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद का वार्शिकोत्सव एवं सम्मान समारोह 3 मई को प्रातः 10 बजे से महाविद्यालय प्रांगण मे आयोजित किया गया है। जिसमे मुख्य अतिथि अध्यक्ष नगर पालिका परिशद् बालोद प्रतिभा चौधरी होंगी। अध्यक्षता प्राचार्य शासकीय घन"याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद डॉ जेके खलखो होंगे। विशेष अतिथि अध्यक्ष जनभागीदारी समिति बालोद अमित चोपड़ा, उपाध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तोमन साहू, उपाध्यक्ष नगर पालिका परिशद् बालोद कमलेश सोनी, अध्यक्ष चेम्बर ऑफ कामर्स बालोद राजू पटेल, पार्शद वार्ड क्रमांक 15 गोकुल ठाकुर, प्रभारी छात्र संघ डॉ एचएल मानकर उपस्थित रहेंगे।

### खेलो इंडिया का अस्मिता सिटी लीग स्पर्धा सात को

**बालोद।** खेलो इंडिया के तहत अस्मिता सिटी लीग की शुरूआत की गई है। जिसके अंतर्गत बालोद जिले में अस्मिता सिटी लीग वेटलिफ्टिंग अंडर–19 महिला वर्ग का आयोजन 07 मई को खेलो इंडिया वेटलिफ्टिंग लघु केन्द्र दल्लीराजहरा में किया जाएगा। अपर कलेक्टर एवं प्रभारी जिला खेल अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक ने बताया कि इच्छुक महिला प्रतिभागी की आयु 01 अप्रैल 2025 की स्थिति में 19 वर्ष या इससे कम होना चाहिए। पात्र प्रतिभागी 06 मई 2025 को शाम 05 बजे तक आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र आदि दस्तावेज के साथ कार्यालय खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण जिला बालोद, सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान अथवा मो.नं. 8305819579 में संपर्क कर व्हाटसएप्प के माध्यम से पंजीयन करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि अस्मिता सिटी लीग का उद्देश्य महिलाओं के बीच खेलो को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान कर महिलाओं को खेल के लिए प्रेरित करना और उभरती हुई प्रतिभाओं को बढ़ावा देना है।

# सुशासन के आवेदनों पर हुई फौरन कार्रवाई, डोमिन एवं फगनी बाई को मिला जॉब कार्ड

## सुशासन तिहार में समस्याओं के निराकरण से ग्राम करहीभदर में उत्साह का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सुशासन तिहार के तहत अपने आवेदनों के त्वरित निराकरण होने पर बालोद जिले के ग्राम करहीभदर की फगिनी बाई और डामिन बाई के चेहरे खिल उठे हैं। दोनो ही महिलाओं की जिंदगी मेहनत और उम्मीदों के ईद–गिर्द घूमती थी।वे अपने गांव और आसपास के गांव में एक श्रमिक के रूप मे मजदूरी करती हैं। उन्होंने बताया कि श्रम विभाग की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए उनके पास जरूरी श्रमिक कार्ड नहीं था। उन्होंने पहले भी कोशिश की थी, लेकिन जानकारी की कमी से उनका यह काम अधूरा ही रह गया था। लेकिन इस बार, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल ''सुशासन तिहार 2025'' ने उनकी

- श्रम विभाग के अधिकारियों ने उनके दस्तावेजों की जॉच कर ऑनलाइन दर्ज किया



### आंसू छलके

कार्ड मिलते ही उनकी आँखों में खुशी के आँसू छलक आए। उसने कहा कि, "मैंने कभी नहीं सोचा था कि मेरे द्वारा दिए गए आवेदन पर इतनी जल्दी काम हो जाएगा। अब श्रमिक कार्ड मिलने से मुझे श्रम विभाग की योजनाओं का लाभ भी मिलेगा। इसी प्रकार डामिन बाई ने बताया कि श्रम विभाग ने उनके आवेदन को प्राथमिकता के साथ निराकरण किया और कुछ ही दिनों में श्रमिक कार्ड मिल गया। उसने अपना श्रमिक कार्ड थामते हुए कहा कि, "ये कार्ड मेरे लिए सिर्फ एक दस्तावेज नहीं है, यह मेरे परिवार के भविष्य के लिए जरूरी है। डामिन बाई ने कहा, "पहली बार लगा कि सरकार हमारी समस्याओं का हल तत्परता से कर रही है।

इस समस्या का समाधान बड़ी ही आसानी से हो गया है। इस अभियान के तहत उनके श्रमिक कार्ड के आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई हुई और अपने श्रमिक पंजीयन को देख, उनके चेहरों पर मुस्कान छा गई है। फगिनी बाई ने बताया कि वह भवन निर्माण तथा खेती कार्य में मजदूरी करती है। उसे प्रतिमाह महतारी वंदन योजना का भी लाभ मिल रहा है, जिसका उपयोग वह अपने बच्चों की पढ़ाई में करती है। उसने बताया कि उसे श्रमिक कार्ड की जरूरत थी, ताकि वह श्रम विभाग की योजनाओं का लाभ ले सकें। उसने सुशासन तिहार के शिविर में आवेदन किया, जिसके पश्चात श्रम विभाग के अधिकारियों ने उनके दस्तावेजों की जॉच कर ऑनलाईन दर्ज किया और अब उन्हें श्रमिक कार्ड मिल गया है।

### मौसम : रेस्क्यू आपरेशन चलाया, 24 घंटे बाद भी नहीं मिला है सुराग

# आंधी-बारिश में तांदुला जलाशय से एक मछुआरा लापता, तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

बालोद जिले के तांदुला जलाशय में गुरुवार शाम को आई तेज आंधी-तूफान के कारण पानी की तेज लहरों एक मछुआरे की थर्मोकोल से बनी

- परिजनों का रो-रोकर हाल हुआ बुरा, फिर खोज-खबर लेने की तैयारी

डोंगा (सीढ़ी ) उछल गई। डोंगा में सवार बोरिद गांव निवासी सोमन कुमारनिषाद(48) लापता हो गया है। 24 घंटे बाद भी युवक का पता नहीं चल सका। जानकारी के मुताबिक, सोमन निषाद रोज की तरह थर्मोकोल से बनी डोंगा लेकर गुरुवार शाम जाल के साथ तांदुला डेम गया था। करीब शाम 5 बजे अचानक तेज आंधीऔर तूफान शुरू हो गया ।जिससे जलाशय में बड़ी-बड़ी लहरें उठनेलगीं,अचानक मौसम परिवर्तन होने तेज हवा ,बारिश तेज लहरों में थर्मोकोल से बनी डोंगा लहरों की चपेट में आकर

## थर्मोकोल की नाव से मछुआरा उछला फिर उसके बाद नहीं देखा गया





उछल गई होगी व उसमे सवार सोमन निषाद जलाशय में गिर गया होगा ,रात्रि 8 बजे के आसपास हवा तूफान के थमने के बाद भी सोमन निषाद के घर नहीं पहुंचने पर परिजन चिंतित हो गए और सोमन निषाद की पतासाजी करने जलाशय की ओर गए ,जलाशय के छोर में बनाए गए अस्थाई मछुवारो के कैंप में जानकारी लेने पर सोमन निषाद की कोई खबर नहीं मिलने पर परिजनों का बुरा हाल था।

### रेस्क्यू अभियान से जानकारी नहीं मिली

शुक्रवार को सुबह से शाम तक मछुवारों के साथ ग्रामीण नाव के सहारे जलाशय के पानी में सोमन की खोजबीन करते रहे किंतु सोमन निषाद का कोई पता नहीं चला ,मछुवारों ने शनिवार सुबह से सोमन निषाद की खोजबीन करने की बात कही बालोद थाना में उक्ताशय की जानकारी देने के बाद पुलिस दल ग्राम बोरिद पहुंचकर घटना की जानकारी ली और सोमन निषाद को खोजने के लिए की टीम मौके पर शाम तक रेस्क्यू अभियान चलाई किंतु सोमन निषाद का कुछ पता नहीं चल पाया । ग्राम बोरिद के ग्रामीण ,परिजन सुबह से मछुवारों के साथ जलाशय के किनारे डटे हुए थे 24घंटे होने के बाद भी सोमन निषाद के संबंध में कोई जानकारी नहीं मिलने पर चिंतित नजर आ रहे थे। सोमन निषाद की धर्मपत्नी सहित उसके दो लड़की एक लड़का किसी अनहोनी को लेकर गंभीर नजर आए ।

# नए कानून के क्रियान्वयन पर एसपी ने अफसरों से की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

पुलिस अधीक्षक बालोद योगेश कुमार पटेल द्वारा तीन नये कानून के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु पुलिस कार्यालय बालोद में अभियोजन अधिकारियों, विशेष लोक अभियोजकों, एफ.एस.एल एक्सपर्ट, चिकित्सा अधिकारियों की बैठक आयोजित कर चर्चा की गई।

मीटिंग के दौरान 60 एवं 90 दिवस की अवधि में चालानी कार्यवाही किए जाने, गंभीर मामलों एवं मारपीट, एक्सीडेंट तथा लघु अधिनियम के मामलों में चेक लिस्ट तैयार करने, बार–बार स्थगन वाले मामलों में स्थगन निरस्त कराने, न्यायालयीन कार्यवाही आगे बढ़ाने की कार्यवाही, जमानत वाले मामलों में जमानत निरस्त किए जाने हेतु ठोस एवं प्रभावी विरोध, नोटिस तामीलशुदा मामले जिनमें आरोपी जमानत उपरांत फरार हो, उनमें आरोपी के विरूद्ध स्थायी वारण्ट जारी कराने, दोषसिद्धी एवं अपील के प्रत्येक मामलों का विवरण उपलब्ध कराने ताकि प्प्थ–6, 7 अपडेट रहे। फरार आरोपियों के विरूद्ध उद्घोषणा एवं कुकएँ की कार्यवाही कराएं जाने, खात्मा, खारिजी की समीक्षा की जाकर न्यायालय से खात्मा, खारजी स्वी—त कराने के संबंध में चर्चा की गयी। समय पर पीएम रिपोर्ट, बेडहेड टिकट देने, पटवारी नजरी नक्शा समय पर पर उपलब्ध कराने आदि विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई ताकि नवीन कानून के मनसा अनुरूप चालान समयावधि में पेश किया जा सके।

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बालोद मोनिका ठाकुर, एसडीओपी बालोद देवांश सिंह राठौर, एफएसएल. भिलाई मोहन पटेल, अनुविभागीय दंडाधिकारी राजस्व प्राची ठाकुर, एसडीएम शिवनाथ बघेल, उप अभियोजक जिला अभियोजन निदेशालय पेमेंद्र वैशवाडे, लोक अभियोजक तोमन साहू, बीएमओ डॉ. जितेंद्र सिंह उपस्थित थे।

# बटेरा में श्रीमद भागवत कथा जारी आज हिरण्याक्ष वध का करेंगे वर्णन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

ग्राम बटेरा डौंडीलोहारा में श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 2 मई से 10 मई तक किया गया है। कथा वाचन पंडित अवधेश कुमार दुबे ग्राम भोलापुर छुरिया जिला राजनांदगांव के द्वारा किया जाएगा।

कार्यक्रम का आयोजन ग्राम के अमृत बाई निषाद, रमा दीपक कुमार के द्वारा किया जा रहा है। वीरेंद्र कुमार साहू ने बताया कि 2 मई शुक्रवार को मंगल कलश यात्रा, देव स्थापना, श्रीमद् भागवत महत्म्य, गौकरण धुंधिकारी कथा होगी।

3 मई शनिवार को श्रीमद् भागवत प्रारंभ पांडवों की कथा, सृष्टि सृजन, हिरण्याक्ष वध , दिनांक 4 मई रविवार को कपिलोख्यान, भगवान शिव दक्ष सती चरित्र दिनांक 5 मई सोमवार को राज ऋषि भरत राहूगंण, प्रहलाद हिरण्यकश्यप नरसिंह अवतार कथा दिनांक 6 मई मंगलवार को समुद्र मंथन वामन, राम कथा, श्री कृष्ण जन्म कथा दिनांक 7 मई बुधवार को भगवान श्री कृष्णा बाल चरित्र, कालिया मर्दन, चीरहरण, गोवर्धन लीला रास, महा रास रुक्मणी मंगल कथा, दिनांक 8 मई गुरुवार को विवाह वर्णन स्यमंतमणि कथा, शिशुपाल वध, जरासंध सुदामा कथा वर्णन, दिनांक 9 मई शुक्रवार को मुक्ति भक्ति कथा श्याम बलराम स्वधाम गमन, परीक्षित मोक्ष कथा शोभा यात्रा तथा दिनांक 10 में शनिवार को गीता हवन तर्पण पूर्णाहूति समापन समारोह। कार्यक्रम के सफल आयोजन में देवानंद, मीना बाई, संतराम,सरोज बाई, देवेन्द्र कुमार,विश्वासा बाई, रोहित कुमार, युवराज कुमार तथा ग्रामवासी सहयोग कर रहे हैं।

### 94 साल बाद पहली बार होगी आजाद भारत में जातिगत जनगणना : राधेश्याम

# राष्ट्रीय जनगणना जातिगत किए जाने के का ओबीसी महासभा ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

भारत सरकार द्वारा कैबिनेट के बैठक में राष्ट्रीय जनगणना जातीय आधारित होने के फैसले से ओबीसी समुदाय में उल्लास का संचार हुआ है। जाति आधारित जनगणना होने से निश्चित ही सामाजिक न्याय एवं समावेशी विकास का रास्ता खुलेगा इससे समतामूलक समाज की स्थापना होगी ।

प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम साहू ने बताया संविधान में सामाजिक एवं शैक्षणिक दृष्टि से पिछड़े हुए समुदायों को अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के रूप में तीन वर्गों में वर्गीकृत किया गया है ।जनगणना में तीनों वर्गों की दशाओं के आंकड़े एकत्र किए जाने चाहिए ।अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की जनगणना तो प्रति 10 वर्ष में होती है ,किंतु अन्य पिछड़ा वर्ग की जनगणना 1931 के बाद से नहीं हुई है । आजाद



भारत में पहली बार ओबीसी की जाति आधारित जनगणना केंद्र सरकार करेंगी ।उन्होंने आगे बताया कि संविधान के अनुच्छेद 340 के परिपालन में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए गठित आयोगों (काका कालेलकर आयोग, मंडल आयोग एवं मध्य प्रदेश रामजी महाजन आयोग) द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग की जनगणना करायें जाने बाबत अनुशंसा की गई है। तद्नुसार इस हेतु संसद में बनी सहमति के आधार पर राष्ट्रीय जनगणना 2011 में पृथक से अन्य पिछड़ा वर्ग के आंकड़े एकत्रित करने की प्रयास किए गए, किंतु अधिकृत रूप से आंकड़े प्रकाशित नहीं किए गए। उन्होंने आगे बताया कि ओबीसी महासभा द्वारा लंबे समय से ज्ञापन देकर राष्ट्रीय जनगणना 2021 की जनगणना फॉर्मेट में ओबीसी का कालम बनवाने शासन प्रशासन के माध्यम से निवेदन किया गया है । जिसके परिणाम स्वरूप भारत सरकार ने जातिगत जनगणना का फैसला लिया है। राष्ट्रीय जनगणना में ओबीसी की जनगणना किए जाने से उनकी जनसंख्या एवं परिस्थितियों का आकलन हो पाएगा जिससे संवैधानिक प्रतिबद्धता पूर्ण हो पाएगी ।उन्होंने आगे बताया विश्व की सबसे बड़े लोकतांत्रिक भारत देश में बहुसंख्यक ओबीसी समुदाय की जनगणना किए जाने से सामाजिक, शैक्षिक एवं आर्थिक विकास एवं आबादी के बराबर हिस्सेदारी प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगा।

### कई स्कूलों के स्काउट-गाइड रोवर्स-रेंजर्स तथा लीडर्स सहित 53 लोग हुए शामिल

# पर्यावरण और जल संरक्षण पर निकाली सायकिल रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, जिला बालोद द्वारा पर्यावरण एवं जल संरक्षण हेतु साइकिल संदेश रैली निकाली गई। रैली प्रातः 7.00 बजे से प्रारंभ हुई। स्काउट्स एवं गाइड्स के राज्य मुख्य आयुक्त डा. सोमनाथ यादव व जिला मुख्य आयुक्त राकेश यादव के मार्गदर्शन, राज्य सचिव कैलाश सोनी, जिला शिक्षा अधिकारी बालोद पीसी मरकले एवं जिला सचिव केएल गजेन्द्र के दिशा निर्देशन में पर्यावरण एवं जल संरक्षण हेतु साइकिल संदेश रैली का आयोजन जिला मुख्यालय बालोद में किया गया।

नगर पालिका परिषद बालोद की अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, नगर पालिका उपाध्यक्ष कमलेश सोनी, सभापति राजूभाई पटेल, पार्षद दीपक जैन, जिला खेल अधिकारी किशोर मेहरा, प्राचार्य अरूण कुमार साहू सेजेस बालोद एवं अन्य गणमान्य अतिथियों ने



साइकिल संदेश रैली को हरी झण्डी दिखा रवाना किया। साइकिल संदेश रैली में बालोद शहर के स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम विद्यालय, बुनियादी हायर सेकेंडरी स्कूल, कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल, और स्वामी आत्मानंद विद्यालय दुधली के स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स तथा लीडर्स सहित कुल 53 प्रतिभागियों ने सहभागिता। पर्यावरण एवं



जल सरंक्षण का संदेश वाले नारे के साथ लिखित बैनर, तख्तियों के साथ साइकिल रैली भारत स्काउट्स गाइड्स जिला कार्यालय बालोद सरदार पटेल मैदान से प्रारंभ हुई। इस मौके पर नारे लगाते हुए रैली दल्ली चौक, नया बस स्टैंड , जिला अस्पताल, पीजी कॉलेज, जिला जेल से होते हुए पर्यावरण पार्क बालोद में समाप्त हुई। यहा पर एक गोष्ठी का आयोजन हुआ, तत्पश्चात समस्त प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। साइकिल संदेश रैली भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की स्थापना के 75 वर्ष (हीरक जयंती) के परिप्रेक्ष्य में आयोजित की गई। इस दौरान एलटी कब मास्टर वाईपी गांगुली, डीओसी (स्काउट)नेमसिंह साहू, डीओसी (गाइड) प्रेमलता चंद्राकर, जिला मीडिया प्रभारी मिलन सिन्हा, ब्लॉक सचिव बालोद रूपेन्द्र सिन्हा, ब्लॉक सचिव लोहारा छगन बंसोर, वरिष्ठ गाइडर कमला वर्मा, स्काउटर कौशल साहू, गाइडर लक्ष्मी कोशिमा की उपस्थिति रही।

# डौंडी जनपद पंचायत की सामान्य सभा सुशासन आवेदनों पर की चर्चा



**डौंडी।** डौंडी ब्लॉक जनपद पंचायत में सामान्य सभा बैठक हुआ जिसमें सुशासन तिहार में आवेदन प्राप्त हुआ था। जिसमें जनपद अध्यक्ष/ उपाध्यक्ष/ जनपद सदस्य/ अधिकारी /कर्मचारी उपस्थित थे। जनपद अध्यक्ष श्री मुकेश कौड़ों ने सुशासन में दिए गए आवेदन में कितना निराकरण हुआ अधिकारी कर्मचारी को मांगा जवाब जनपद उपाध्यक्ष श्री भोलाराम नेताम ने कहा गया है सुशासन में दिए गए आवेदन पर जल्द से जल्द निराकरण करके हितग्राहियों को उनके लाभ देने का अवगत कराया जनपद सदस्य श्री तुलेश्वर हिचामी ने कहा कि शिक्षा स्वास्थ्य बिजली जैसे को अधिकारी कर्मचारी को नीचे स्तर गांव तक ग्रामीणों को लाभ देने अवगत कराया।

जिसमें जनपद अध्यक्ष श्री मुकेश कौड़ों जनपद उपाध्यक्ष श्री भोलाराम नेताम जनपद सदस्य श्री तुलेश्वर हिचामी श्रीमति रत्ना हिरवानी श्रीमति झामीत धनेलिया श्रीमति मंजू बैस श्रीमति आशा आर्य सुश्री साधना सोरी जनपद पंचायत सी ईओ अधिकारी डी डी मंडले जनपद सदस्य एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### धूमधाम से मनाया गया अक्ती त्योहार

**दुर्ग।** गांव की महिलाओं व बच्चों द्वारा तेलमाटी, चुलमाटी, मण्डपाच्छादन, मायन, बारात, धरमटिका, रीति रिवाज, गाजे-बाजे के साथ गांव में भ्रमण किया गया। गांव के 30 से अधिक जगहों पर अक्ती त्योहार रीति रिवाज से मनाया गया। अक्षय तृतीया वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाई जाती है। इसलिए यह माना जाता है कि इस दिन किए गए किसी भी शुभ कार्य का फल अक्षय होता है।

### जिपं. अध्यक्ष ने श्रमिकों का किया सम्मान



**दुर्ग।** अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे ने ग्राम पंचायत ढौर (हिग्नडीह) में मनरेगा के अंतर्गत संचालित कार्यस्थल पर पहुंचकर 120 से अधिक श्रमिकों के साथ कार्य में सहभागिता कर, उन्हें सम्मानित करने का एक प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। इस दौरान उन्होंने सभी श्रमिक भाई-बहनों के चरण धोकर, उन्हें गमछा भेंट किया एवं नाश्ते की व्यवस्था कर श्रम की गरिमा को नमन किया। इस आयोजन में सरपंच संघ अध्यक्ष दामिनी साहू, ग्राम पंचायत सरपंच देवानंद कुर्रे, भाजपा अहिवारा मंडल मंत्री राजा शर्मा, गणेश टंडन, सत्य प्रकाश बंजारे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं मनरेगा श्रमिक उपस्थित रहे।

### निराकरण करने दस्तावेज नहीं किए अपलोड

**दुर्ग।** जिले में सुशासन तिहार के तहत अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। नोडल अधिकारी वीरेन्द्र सिंह ने विभागों को प्राप्त मांग, शिकायत आवेदन एवं निराकरण की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को आवेदन निराकरण के पश्चात की गई कार्यवाही भी अपलोड करने निर्देश दिए।

# सर्वे में 87 हजार ने आवास के लिए लगाई गुहार, 15 दिन की मिली मोहलत

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

अलग खबर

प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर पिछले माहभर से चल रहे सर्वे में जिले से 87 हजार से अधिक लोगों ने आवास के लिए अर्जी लगाई है। जिलेभर से आए इन आवेदनों को लेकर अब जिला पंचायत द्वारा भौतिक सत्यापन किया जाएगा। भौतिक सत्यापन के बाद पात्र पाए गए हितग्राहियों के आबंटन को लेकर राज्य शासन को जानकारी भेजी जाएगी।

उल्लेखनीय हैं कि, वर्ष 2016 के बाद से जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 22824 हितग्राहियों को पक्का मकान मिल चुका है। वही वर्ष 2024 में केन्द्र सरकार द्वारा पीएम 2 के तहत एक अप्रैल को नए सिरे से सर्वे कराया गया था। विगत तीस अप्रैल तक किए गए सर्वे में करीब 74085 आवासों का सर्वे ग्राम पंचायत के सचिवों द्वारा किया गया था, वहीं 13558 लोगों ने वेबसाइड के जरिए सेल्फ सर्वे किया था। इन आवेदनों को लेकर अब जिलेभर में भौतिक सत्यापन किया जाएगा। बहरहाल आवेदनों की एंट्री किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

## मोर द्वार साय सरकार के तहत जिलेभर में चलाया गया था अभियान

### साढ़े तीन हजार को छः माह में मिले आवास

जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे ने बताया कि, जिले में केन्द्र के निर्देश पर अभियान चलाया गया। जिसके तहत पिछले साल सितंबर माह से अब तक 3405 आवास कंपलीट कर लिए गए हैं। अफसरों ने बताया कि, वर्ष 2016 के बाद आवास प्लस प्लास में शामिल और छुटे हुए करीब 12784 आवेदन आए थे। इसमें अब तक 10390 आवास स्वीकृत होने के बाद 3405 आवास पूरे हो गए हैं। शेष आवास निर्माणाधीन हैं। इसमें 9467 लोगों को पहला और 4929 हितग्राहियों को दूसरा किस्त भी जारी कर दिया गया हैं।




### पन्द्रह दिन मिलेंगे आवेदन करने की मोहलत

केन्द्र सरकार द्वारा पीएम 2.0 के लिए सर्वे किए जाने की तिथी तीस अप्रैल निर्धारित की गई थी। हांलाकि इसमें लोगों को राहत देने के लिए केन्द्र द्वारा आगामी 15 मई तक अतिरिक्त सुविधा दी गई है। जिसके बाद ऐसे हितग्राही जो सर्वे में आवेदन करने से वंचित हो गए थे। वे अब पन्द्रह दिन के अंदर आवेदन कर योजना का लाभ ले सकेगे। केन्द्र के इस फैसले से गरीब परिवारों को राहत मिलेगी।

### मिलेगी मोहलत

पीएम आवास योजना के तहत सर्वे कार्य तीस अप्रैल तक किया गया था। केन्द्र द्वारा अब पन्द्रह मई तक अतिरिक्त मोहलत दी गई हैं।

**-बजरंग दुबे,** सीईओ दुर्ग

## धरना-प्रदर्शन : सोमवार से अंजोरा ढाबा में भूख हड़ताल कर रहे थे ग्रामीण

# आक्रोशित सैकड़ों ग्रामीणों ने पानी के लिए घेरा कलेक्टोरेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पिछले चार दिन से गांव में भूख हडताल पर डटे ग्रामीणों ने गुरूवार को कलेक्टोरेट का घेराव कर दिया। सैकडों की संख्या में कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीणों ने जिला प्रशासन के प्रति जमकर आक्रोश दिखाया। सैकडों की संख्या में एक साथ ग्रामीणों के द्वारा धरना दिए जाने से जिला और पुलिस प्रशासन के पसीने छूट गए थे। ग्रामीणों के घंटो प्रदर्शन के बाद आखिर में पेयजल के लिए प्रशासन द्वारा तत्काल 32 लाख रूपए की राशि जारी किए जाने का आदेश जारी किया गया। जिसके बाद मामला शांत हुआ।

जिला मुख्यालय से लगे अंजोरा ढाबा गांव में पानी की गंभीर समस्या को लेकर ग्रामीण पिछले सोमवार से भूख हडताल पर बैठे रहे। गुरूवार तक समस्या का सामधान नही होने पर ग्रामीणों का गुस्सा फूट गया और ग्रामीणों ने जिला मुख्यालय का घेराव कर दिया। ग्रामीणों का कहना था कि, चार दिन से पेयजल की मांग करने के बाद भी जिला प्रशासन द्वारा संवेदनशीलता नही दिखाई गई। युवा कांग्रेस धर्मेश देखमुख ने कहा कि समस्या का सामाधान करने के बजाय अफसर निरिक्षण के नाम पर कोई समस्या नही होने का रिपोर्ट तैयार करते है। इससे ग्रामीण ज्यादा नाराज हो गए और घेराव कर प्रदर्शन शुरू कर दिया।

### पीएचई विभाग ने कहा था पर्याप्त आपूर्ति, इसलिए भड़के थे ग्रामीण



### हाथों में तख्ती लेकर कलेक्टोरेट पहुंची थीं महिलाएं

इस आक्रोश प्रदर्शन में सबसे ज्यादा महिलाएं पहुंची थी, वे हाथों में तख्ती लेकर पेयजल की मांग पूरी करने नारेबाजी करते रहे। सोमवार से भूख हडताल में बैठे ग्रामीणों का गुस्सा तब फूटा जब प्रशासन की ओर से कोई पहल नही की गई। तेजी तपती धूप में सैकडों की संख्या में महिला पैदल ही जिला मुख्यालय तक प्रदर्शन करने पहुंच गई थी। मुख्यालय से करीब 15 किलोमीटर पैदल चलकर ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट का रुख किया और धरने पर बैठ गए। गांव के लोगों का कहना है कि चार दिनों से वे भूख हड़ताल पर थे, लेकिन प्रशासन ने उनकी बात नहीं सुनी। इसके विरोध में उन्होंने कलेक्ट्रेट के समक्ष धरना प्रदर्शन किया।

### बेरीकेड्स लगाकर रोका गया धूप में ही बैठकर दिया धरना

प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों को कलेक्ट्रेट भवन में घुसने से पहले ही पुलिस प्रशासन द्वारा बेरिकेटिंग लगाकर रोक दिया गया। इसके चलते सभी लोग खुले मैदान में कड़ी धूप में ही बैठकर धरना देने लगे। प्रदर्शन को समर्थन देने कांग्रेस के नेता राजेंद्र साहू और दुर्ग नगर निगम के पूर्व महापौर धीरज भी मौके पर पहुंचे। राजेन्द्र साहू का कहना था कि, ग्रामीण पिछले चार-पांच दिनों से भूख हड़ताल पर थे, लेकिन शासन-प्रशासन ने कोई संज्ञान नहीं लिया। अगर प्रशासन पहले सुन लेता तो आज युवक को ड्रिप चढ़ाने की नौबत नहीं आती। ग्रामीण गोपी निर्मलकर ने कहा कि, जब तक गांव में पानी की स्थायी व्यवस्था नहीं होती, तब तक वे धरना खत्म नहीं करेंगे।

### धरने पर बिगड़ी तबियत ग्रामीणों में पनपा आक्रोश

अंजोरा ढाबा में पेयजल की समस्या को लेकर अगुवाई कर रहे युवा कांग्रेस धर्मेश देशमुख की तबियत बिगड गई। प्रदर्शन के बीच वे बेहोश हो गए थे। उन्हें खून की उल्टी होने से प्रशासन के बीच हडकंप मच गई। डाक्टरों के अनुसार पिछले चार दिन से भूखे पेट रहने के कारण ऐसा हुआ। उन्हें तत्काल एंबुलेंस के जरिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां डाक्टरों ने इलाज के बाद छुट्टी भी दे दी। युवक की तबियत बिगडने से ग्रामीणों का आक्रोश तेज हो गया था।

### राशि स्वीकृत

अंजोरा ढाबा में जनपद पंचायत व ग्राम पंचायत विकास योजना के तहत शिवनाथ नदी से पाइप लाइन बिछाने करीब 32 लाख रूपए स्वीकृत कर दिए गए हैं। यहां तत्काल कार्य शुरू कराए जाएंगे।

**-रूपेश पांडेय,** सीईओ जनपद दुर्ग

# युक्तियुक्तकरण के खिलाफ छात्र संगठनों ने फूंका पुतला




हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ हिंदी भवन के सामने संगठन का प्रदर्शन

छात्र संगठन ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गेनाइजेशन की दुर्ग जिला कमेटी द्वारा राज्य सरकार के स्कूलों एवं शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के निर्णय के खिलाफ एवं शिक्षकों व गैर शिक्षकीय स्टाफ के रिक्त सभी पदों पर तत्काल भर्ती करने की मांग पर दुर्ग में गांधी चौक हिंदी भवन के सामने राज्य सरकार का पुतला दहन किया गया।

छात्र संगठन द्वारा मुख्यमंत्री के नाम पर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञात हो कि, छत्तीसगढ़ राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग में हाल ही में स्कूलों और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण का आदेश जारी किया गया है। यह आदेश उसी सेटअप के अनुसार लागू किया जा रहा है, जिसे अगस्त 2024 में व्यापक विरोध के बाद स्थगित कर दिया गया था। अन्य शिक्षक संगठनों ने एवं अभिभावकों के साथ साथ हमारे छात्र संगठन ने भी इस आदेश का विरोध करते हुए इसे शिक्षा एवं छात्र विरोधी बताया था। इससे पहले, 2 अगस्त 2024 को युक्तियुक्तकरण का जारी किया गया। यह आदेश राज्य के प्राइमरी और मिडिल स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था को पूरी तरह से प्रभावित कर रहा था। इस आदेश में 60 बच्चों के लिए केवल एक प्रधान पाठक और एक सहायक शिक्षक का सेटअप लागू किया जा रहा है, जो पहले 60 बच्चों के लिए एक प्रधान पाठक और दो सहायक शिक्षकों का था।

### फैसला वापस लेने की मांग

राज्य में शिक्षा की हालत बहुत ही दयनीय है। सरकार का ही आंकड़ा है कि राज्य भर में 4,595 स्कूल के भवन जर्जर होकर टूट रहे हैं। 5,392 सरकारी स्कूल केवल एक ही शिक्षक के भरोसे हैं। जबकि 610 स्कूल शिक्षक विहीन है। राज्य भर में 56,232 से ज्यादा शिक्षकों के पद खाली है। इन रिक्त पदों को भरने के बजाय सरकार इसके उलट शिक्षकों की आवश्यक संख्या को घटाकर शिक्षकों की कमी को पूरा करने का रास्ता अपना रही है। संगठन ने कहा युक्तियुक्तकरण की नीति वापस नही ली जाती तब तक हमारा आंदोलन मजबूती के साथ आगे बढ़ता रहेगा।

## श्रद्धांजलि...



**दुर्ग।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम व बारासर में पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा बेगुनाह सैलानियों के पर हमला कर नृशंस हत्या की गई जिसके विरोध में गीतांजली संगीत महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकगण, समिति के पदाधिकारी तथा वार्ड 40 के पार्षद श्रीमती सरिता चन्द्राकर, वार्ड 44 के पार्षद मनीष कोठारी द्वारा दो मिनट मौन रखकर एवं कैण्डल जलाकर श्रद्धाजंली अर्पित की गई। साथ ही पार्षद द्वारा आंतकवादियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग की गई।

## चेंबर को लेकर तीन दिन से तमाशा धरने पर बैठे विपक्षीय पार्षद



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ नगर निगम परिसर में धरना प्रदर्शन

नगरनिगम में नेता प्रतिपक्ष को चेंबर का आबंटन नही किए जाने से यह मामला तमाशा बनकर रह गया। एमआईसी गठन के बाद सभी सदस्यों को तामझाम के साथ चेंबर का आबंटन सतापक्ष द्वारा कर दिया गया। लेकिन नेत प्रतिपक्ष के लिए चेंबर आबंटन नही किए जाने का मामला पिछले तीन दिन से सुर्खियों में है। नेता प्रतिपक्ष संजय कोहिले के साथ सभी विपक्षीय पार्षद तीन दिन से ननि परिसर में धरना दे रहे है। इसके बाद भी सत्तापक्ष द्वारा संवेदनशीलता नही दिए जाने से विपक्षीय पार्षदों में नाराजगी बढ रही है। उप नेता प्रतिपक्ष विजयेन्द्र पटेल ने बताया हमने अपने कार्यकाल में नेता प्रतिपक्ष को चेंबर का आबंटन किया था, लेकिन उन्होने चेंबर लेने से मना कर दिया था। उनका कहना हैं कि आम जनता की समस्या अगर सत्तापक्ष नही सुनती है तो वे कहां जाएंगे। नेता प्रतिपक्ष संजय कोहिले ने कहा कि, जब तक उन्हें चेंबर का आबंटन नही कर दिया जाता, तब तक हर रोज सभी पार्षद हडताल पर बैठेगें। गुरूवार को भी प्रदर्शन किया।

# श्रमिक दिवस पर महापौर ने किया सफ़ाई कर्मचारियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ मेहनत और दृढ़ संकल्प मनाने के लिए समर्पित

अंतराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के उपलक्ष्य में नगर निगम में श्रमिक दिवस पर सफाई कर्मियों का सम्मान किया गया था। कार्यक्रम में महापौर श्रीमती अलका बाघमार, सभापति श्याम शर्मा, आयुक्त सुमित अग्रवाल, स्वास्थ्य विभाग प्रभारी नीलेश अग्रवाल पहुंचे। महापौर अलका बाघमार ने अंतराष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर अपने विचार रखे और बेहतर कार्य करने वाले स्वच्छता दीदियों सहित सफाई कामगारों को गुलाब फूल, श्रीफल देकर सम्मानित किया। सभापति श्याम शर्मा ने भी स्वच्छता दीदी और सफाई कर्मियों की हौसला अफजाई की। सभापति श्याम शर्मा ने कहा दुनियाभर में श्रमिक कड़ी मेहनत करते हैं मजदूर दिवस के रूप में आज का विशेष दिन उनके मेहनत और दृढ़ संकल्प को मनाने के लिए समर्पित किया गया है। इस अवसर पर देवनारायण चन्द्राकर, शेखर चन्द्राकर आदि मौजूद थे।




### सफाई कर्मचारियों के साथ बैठकर नीलेश ने किया भोजन



निगम कार्यालय में श्रमिक परिवारों के संग 1 मई को श्रम को सम्मान देते हुए स्वास्थ्य विभाग प्रभारी नीलेश अग्रवाल ने सफाई कामगारों व स्वच्छता दीदियों के साथ जमीन में बैठकर खाना खाकर श्रम को सम्मान किया। इस अवसर पर प्रभारी ने कहा कि सफाई कामगार व स्वच्छता दीदी शहर के समस्त क्षेत्रों में कार्य सेवा दे रहे सभी श्रमवीर बहनों और भाइयों सहित सभी को अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस 1 मई की बधाई।

## मेयर ने किया मौके का निरीक्षण, आवागमन कराए दुरुस्त



**दुर्ग।** में आंधी-तूफान के कहर के कारण नया बस स्टैंड के पास 100 साल पुराना नीम का पेड़ गिर गया। गनीमत रही कि इस हादसे में कई राहगीर बाल-बाल बच गए, लेकिन पेड़ के नीचे खड़ी एक कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। पेड़ को कटर से काटा जा रहा है। पेड़ गिरने से कई बिजली के खंभे भी गिर गए, जिससे रोड ब्लॉक हो गया और यातायात प्रभावित हुआ। यातायात पुलिस बल द्वारा व्यवस्था बनाया गया। महापौर श्रीमती अलका बाघमार व एमआईसी सदस्य ज्ञानेश्वर ताम्रकर, काशीराम कोसरे, मनीष साहू ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और तत्काल पेड़ हटाने के निर्देश दिए। आंधी-तूफान के कारण शहर में कई जगहों पर पेड़ और बिजली के खंभे गिरने की खबरें आई हैं। निगम प्रशासन राहत और बचाव कार्य में जुट गया है और यातायात को सामान्य बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## राजीव भवन में दुर्ग ग्रामीण और दुर्ग शहर संगठन का कार्यक्रम

# मजदूरों के सम्मान में कांग्रेसियों ने खाया बोरे बासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ मजदूर दिवस को लेकर दिखा उत्साह

मजदूर दिवस के मौके पर राजीव भवन में कांग्रेस द्वारा बोरे बासी कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शामिल हुए। जहां बोरे बासी का सामूहिक भोज कर मजदूरों का उत्साह बढ़ाया गया। इस आयोजन को लेकर कांग्रेसियों में जमकर उत्साह दिखा।

कांग्रेस शासन काल में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 1 मई मजदूर दिवस के दिन बोरे बासी खाने की अपील कर पूरे प्रदेश में एक अभियान शुरू किया था। लेकिन भाजपा की राज्य में सरकार बनने के बाद बोरे बासी का आयोजन बंद हो गया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अगुवाई में कांग्रेस ने सामूहिक बोरे बासी खाने का आयोजन किया। आयोजन को लेकर व्यापक उत्साह था। कांग्रेस भवन में हुए आयोजन में सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। आज के बोरे बासी तिहार में जिला ग्रामीण अध्यक्ष राकेश ठाकुर, शहर अध्यक्ष गया पटेल, भिलाई अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, पूर्व विधायक प्रतिमा चंद्राकर, प्रदेश कांग्रेस महामंत्री गिरीश देवांगन, राजेंद्र साहू, जितेंद्र साहू , दीपक दुबे, पूर्व राजमंत्री दर्जा प्राप्त आरएन वर्मा, अलताफ अहमद, केशव बंटी हरमुख, क्षितिज चंद्राकर, महापौर शशि सिन्हा, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, राजेश यादव, संदीप वोरा ,प्रतिपक्ष नेता संजय कोहले , दीपक साहू , भास्कर कुंडल, ज्ञान दस बंजारे, प्रेमलता साहू, पोषण साहू, राजकुमार पाली, अजय मिश्रा, प्रवक्ता नासिर खोखर, अनूप वर्मा, भोला महोबिया, अजय गोलू गुप्ता, आनंद ताम्रकार, सौरभ ताम्रकार, मुकेश साहू, शिशिर कांत कसार, मोहित वाल्दे, बृजमोहन तिवारी, अय्यूब खान, राजकुमार वर्मा सहित दुर्ग ग्रामीण, दुर्ग शहर, भिलाई कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




### कांग्रेस ने हमेशा मजदूरों का सम्मान किया

जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि, कांग्रेस हमेशा मजदूर गरीब लोगों का सम्मान किया है। कांग्रेस ही ने मनरेगा जैसी महत्वपूर्ण योजना की शुरुआत की थी, जो योजना मजदूरों और ग्रामीण के विकास में मिल का पत्थर साबित हुई है। कोरोना के समय कांग्रेस सरकार ने अन्य राज्यों में फंसे मजदूर साथियों को सुरक्षित प्रदेश लाया गया। कांग्रेस हमेशा मजदूरों, किसानों और गरीबों के साथ रही है।

### पूर्व सीएम भूपेश ने कहा- मेहनत और समर्पण का सम्मान

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने बोरे बासी खाकर मजदूर दिवस मनाया। भूपेश बघेल ने कहा कि, आज का यह दिन हमारे श्रमिक साथियों के मेहनत और समर्पण के सम्मान का दिन है। इसलिए इस दिन को हम बोरे-बासी तिहार के रूप में भी मनाते हैं। हमारी सरकार ने मजदूरों के सम्मान में 1 मई मजदूर दिवस पर बोरे बासी तिहार मनाकर छत्तीसगढ़ी संस्कृति और परंपरा को बढ़ावा दिया है, जो आज भी कायम है।

# मिलेट्स से स्वादिष्ट व्यंजन बना रही महिला समूह, बढ़ रही मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ मुनाफा कमा रहीं बोराई महिला स्व सहायता समूह

ग्राम पंचायत बोराई में महिला स्व-सहायता समूह की सदस्य श्रीमती भारती टंडन और उनके समूह की दीदीयां मिलेट्स मोटे अनाज से स्वादिष्ट व्यंजन बना रही हैं, जिससे न केवल उन्हें आत्मनिर्भरता मिल रही है बल्कि उनके उत्पादों की मांग भी बढ़ रही है।बिहान स्व. सहायता समूह से जुड़ी श्रीमती भारती टंडन ने 2018 से समूह के साथ काम करना शुरू किया। शुरुआत में उनके समूह ने मुरकु, पापड़ का निर्माण किया उससे लाभ प्राप्त किया। बाद में उन्होंने मसाला और खाद निर्माण में भी कदम रखा और इससे भी मुनाफा हुआ। खाद निर्माण से समूह को 2.3 लाख रुपये का फायदा हुआ। अब श्रीमती टंडन और उनके समूह ने मिलेट्स मोटे अनाज से स्वादिष्ट व्यंजन बनाने की ओर कदम बढ़ाया है। कृषि विज्ञान केंद्र अंजोरा से मिली प्रशिक्षण के बाद उन्होंने मिलेट्स से विभिन्न प्रकार के पकवानों का निर्माण शुरू किया। इस कदम से न केवल उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत किया है, बल्कि उनके उत्पादों की मांग भी बढ़ी है। हाल ही में श्रीमती भारती टंडन ने जिला पंचायत परिसर में अपना स्टाल लगाया और वहां अपनी बनाई हुई व्यंजन बेची। साथ हीए आईआईटी भिलाई में भी एक स्टाल लगाया गया। जिसमें 66,000 रुपये का विक्रय हुआ ।

## खबर संक्षेप

### जमीन को लेकर युवकों के बीच हुई मारपीट

**भिलाई।** जमीन को कब्जा करने को लेकर तीन युवकों ने पीड़ित के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दिया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 427, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि प्लाट नंबर 09 ब्लॉक नंबर 09 प्रियदर्शनी परिसर सुपेला निवासी श्रीकांत गोपीनाथ 1975 में बड़े पिता डॉ काशी विश्वनाथ के द्वारा कैलाश नगर एम पी क्रश्चिन कालेज भिलाई में 2400 वर्गफीट जमीन खरीदे थे। उक्त जमीन को पिता डॉ के गोपीनाथ के नाम पर पावर ऑफ अटर्नी दिया था। जिसमें प्रीकास्ट बांउड्रीवाल किया और गेट लगाने के लिए 14 जून 2024 को लेबर के साथ पीड़िच पहुंचा था. इस दौरान पुरानी बस्ती कोहका निवासी सूरज कुमार, विक्रांत शुक्ला, प्रदीप सिंह नामक युवकों ने जमीन को अपनी बताकर गाली गलौज करने लगे। तीनों ने पीड़ित को जान से मारने की धमकी देकर धक्का देकर प्रीकास्ट बाउंड्रीवाल को तोड़ फोड़ किया। भूमि खसरा नंबर 1607/89 प्लाट नंबर 7 रकबा 2400 वर्गफीट भूमि टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग से अनुमोदित प्लाट है। उक्त भूमि खरीदने के 1-2 माह फैनसिंग तार से घेरा किया था। प्लाट का देख रेख के लिए बडे पिता द्वारा पीड़ित के पिता डॉ के गोपीनाथ के नाम से पॉवर ऑफ अटार्नी दिया है। ये तीनो युवकों द्वारा दबंगई दिखाते हुए घटना को अंजाम दिया।

### घर के बाहर खड़े वाहनों में तोड़फोड़, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** घर के बाहर खड़ी चार वाहनों में जमकर तोड़फोडड किए जाने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने 324 (4) के तहत जुर्म दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि कांट्रेक्टर कालोनी सड़क 17 निवासी बबलु कुमार साव ड्रायवरी का काम करता है। 1 मई की रात घर के सामने खडी कार सीजी 07 एमबी 1273 के चारों कांच,बोनट,सामने का बंफर,हेडलाईट,पीछे के डिक्की को तोड़फोड़ किया गया। इसके अलावा पडोसी कौशल जायसवाल की बुलोरो सीजी 28 पी 9964 कांच , प्रेम यादव की सेंट्रो कार सीजी 07 एम 4160 के सामने का कांच, बोनट और परमेश्वर निषाद का कार सीजी 19 बीएफ 6334 को भी क्षतिग्रस्त किया गया है। चारों कारों को बस्ती के जैकी सिंह, गज्जी सिंह,बुग्गु यादव समेत अन्य युवकों ने मिलकर पत्थर,डण्डा से तोडफोड किया।

### बारात से घर लौट रहे बाजा वालों के साथ मारपीट

**भिलाई।** शादी में बाजा बजाकर घर लौट रहे युवकों के साथ मारपीट कर गाली गलौज करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात स्कार्पियों सवार युवको के खिलाफ धारा 115(2), 126(2),296, 3(5), 351(3) के तहत जुर्म दर्ज किया है। उतई पुलिस ने बताया कि भेष कुमार गजेन्द्र रोजी मजदूरी करता है। शादी सीजन में बेंजो भी बजाया करता है। 29 अप्रैल को ओटेबंद से बारात में बाजा बजाने उतई आये थे। शादी घर से बाजा बजाकर सभी ई रिक्शा से ओटेबंद जा रहे थे। रात को बोरीगारका नहर नाली के पास पहुंचने पर सफेद रंग की स्कार्पियों वाहनमनें सवार 3-4 युवकों ने रास्ता रोक कर नानू ले गाली गलौज करने लगे। इस दौरान ई रिक्शा से मोहित अग्रवाल को उतारकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। जिसके बीच बचाव करने पीड़ित पहुंचा तो युवकों ने हाथ मुक्का व बांस के डंडा से मारपीट करना शुरु किया। घटना में दाहिना घुटना , बांये हाथ में चोट आया है। मोहित के दाहिना आंख में चोट लगी है। मारपीट करने के बाद आज्ञात युवक उतई की ओर फरार हो गए।

### सेंट्रल जेल में मोबाइल फोन और अवैध वसूली

**भिलाई।** सेंट्रल जेल दुर्ग में कैदियों को मोबाइल फोन और अवैध वसूली को लेकर जय प्रकाश यादव ने मोर्चा खोल दिया है। इसे लेकर जय प्रकाश में लिखित में प्रदेश के सीएम विष्णु देव साय को शिकायत करगें। उन्होंने बताया कि जेल अधीक्षक को दुर्ग से हटाने की मांग की जाएगी। जेल में लगातार इस तरह की कई घटनाएं हो चुकी है। जिसमें पूर्व में कैदी सुंदर जाल की मौत भी हुई है।

# भारी वाहनों की आवाजाही रोकने महापौर परिषद ने लिखा यातायात को पत्र

## रिसाली एमआईसी ने लिया निर्णय, हैवी वाहनों का समय किया निर्धारित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

हाइवा, ट्रक और ट्रैक्टर जैसे भारी वाहनों की आवाजाही को रोकने रिसाली निगम यातायात विभाग को पत्र लिखेगा। दुर्घटनाओं और क्षमता से अधिक वाहन चलने की वजह से सड़क क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में है। इस समस्या को परिषद के सदस्यों ने गंभीर माना। महापौर शशि सिन्हा की अध्यक्षता में हुई महापौर परिषद की बैठक में निर्णय लिया गया कि यातायात विभाग की मदद से भारी वाहनों के लिए समय निर्धारित किया जाए।

महापौर परिषद की बैठक में निर्णय लिया गया कि बीएसपी और अन्य भारी वाहन बेधड़क रिहायशी क्षेत्र में प्रवेश कर रही है। दुर्घटना की आशंकाओं को देखते हुए यातायात विभाग भारी वाहनों की आवाजाही के लिए समय का निर्धारण करे। परिषद के सदस्यों का कहना है कि बी एस पी और निजी भारी वाहन निगम की सड़को पर 24 घंटे दौड़ती रहती हैं पाश कॉलोनी से लेकर श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र मे अनियंत्रित गति से दौड़ती है। महापौर परिषद की बैठक में परिषद के सदस्य सनीर साहू, संजू नेताम, जहीर अब्बास, अनिल देशमुख, डॉ. सीमा साहू, ममता यादव उपस्थित थे।

### डिजिटल नेम प्लेट लगाने प्रस्ताव

रिसाली निगम क्षेत्र के प्रत्येक घर और दुकान में डिजिटल नेम प्लेट लगाने प्रस्ताव तैयार कर शासन को स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा। परिषद के सदस्य जहीर अब्बास ने कहा कि इससे एकरूपता रहेगी। नेम प्लेट से मूल जानकारी मिनटों में मिल जाएगी। दरअसल नेम प्लेट में क्यू आर कोड होगा। जिसे स्कैन करने से टैक्स संबंधी जानकारी के साथ पार्षद और वार्ड का डिटेल आ जाएगा। इसे तैयार करने प्रत्येक में लगभग 80 से 100 रूपए का खर्च आएगा।



### 536 को मिलेगा पेंशन

महापौर परिषद के सदस्यों ने ऐसे 536 आवेदनों पर मुहर लगाया है। यह आवेदन पेंशन के है। हितग्राहियों ने आवेदन प्रस्तुत कर पेंशन की मांग की है। इन आवेदनों में केन्द्रीय पेंशन योजना के 426 और राज्य पेंशन के 110 है।

## आयोजन : बोरे-बासी न सिर्फ स्वादिष्ट, बल्कि सेहत के लिए भी फायदेमंद: विधायक

# विधायक अनिला भेड़िया सहित कांग्रेसी श्रमिक दिवस बोरे-बासी खाकर मनाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा



नगर के कांग्रेस भवन में गुरुवार 1 मई को विधायक अनिला भेड़िया ने उपस्थित समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ श्रमिक दिवस के अवसर पर बोरे बासी खाया व मेहनत कश मजदूर भाई बहनों को श्रमिक दिवस की शुभकामनाएं दी। मजदूर दिवस के अवसर पर विधायक अनिला भेड़िया ने कार्यकर्ताओं व श्रमिक मजदूरों के साथ जमीन में बैठकर छत्तीसगढ़ी पारम्परिक खाद्य पदार्थ बोरे बासी खाया साथ ही साथ प्याज व अचार चटनी का जायका भी लिया गया।विधायक भेड़िया ने कहा कि बोरे-बासी न सिर्फ स्वादिष्ट, बल्कि सेहत के लिए भी फायदेमंद है। यह गर्मियों में डिहाइड्रेशन और लू से बचाता है, ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करता है और पाचन को बेहतर बनाता है।

छत्तीसगढ़ के मजदूर और किसान इसे सुबह या दोपहर के भोजन के रूप में खाते हैं, जो उन्हें दिनभर की मेहनत के लिए ऊर्जा देता है। आज यह व्यंजन छत्तीसगढ़ के बड़े होटलों के मेन्यू में भी शामिल हो चुका है।उल्लेखनीय है कि यह बोरेबासी खाने व श्रमिक सम्मान पूर्व सीएम भूपेश बघेल के दौर में शुरू हुआ था यह अभियान जब साल 2020 में भूपेश बघेल सरकार ने मजदूर दिवस को बोरे-बासी तिहार के रूप में मनाने की शुरुआत की थी। यह एक सोशल मीडिया अभियान के रूप में उभरा, जिसमें मंत्रियों, विधायकों, कलेक्टरों, IAS और IPS अधिकारियों तक ने बोरे-बासी खाते हुए अपनी तस्वीरें साझा कीं।

इस अभियान ने बोरे-बासी को छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक अस्मिता से जोड़कर एक बड़ा ट्रेंड बनाया। हैशटैग #HamarBoreBaasi ने सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोरीं। उस दौरान यह आयोजन मजदूरों के सम्मान और छत्तीसगढ़ी संस्कृति के गौरव का प्रतीक बन गया।कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधि अनिल लोढा ने कहा कि पूर्व सी एम भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति व गौरव बढ़ाने का अद्भुत कार्य किया था और छग के पारंपरिक व्यंजन बोरे बासी को अलग ही पहचान दिलाई थी। जिला महामंत्री हस्तीमल सांखला ने कहा कि बोरे-बासी, छत्तीसगढ़ का एक पारंपरिक भोजन है, जिसमें रात के बचे चावल को पानी में भिगोकर रखा जाता है और सुबह उसे चटनी, अचार या प्याज के साथ खाया जाता है।ब्लॉक अध्यक्ष गोपाल प्रजापति ने कहा कि यह भोजन खास तौर पर मजदूरों और किसानों के बीच लोकप्रिय है।विधायक प्रतिनिधि गोविंद चंद्राकर व मेघनाथ साहू ने कहा कि छग की पारंपरिक बोरेबासी पौष्टिक, सस्ता और गर्मियों में शरीर को ठंडक देने वाला होता है।

पूर्व नप अध्यक्ष व उपाध्यक्ष लोकेश्वरी साहू व विद्या शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने इसे मेहनतकश वर्ग की मेहनत और जीवनशैली का प्रतीक बताते हुए बोरे-बासी दिवस के रूप में स्थापित किया। माधव गिरी गोस्वामी ने कहा कि यह सिर्फ खाना नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की मिट्टी और संस्कृति से जुड़ा एक भावनात्मक प्रतीक है।उक्त अवसर पर हस्तीमल सांखला,अनिल लोढा,गोपाल प्रजापति माधव गिरी गोस्वामी गोविंद चंद्राकर लोकेश्वरी साहू विद्या शर्मा, शैल टांक,राजेन्द्र निषाद किशोर दीवान राकेश सांखला, गोपिनारायन साहू,मेघनाथ साहू, गणेश राम रात्रे, राजाराम तारम,जुगरु बघेल, लोकनाथ निषाद,चंद्रशेखर चुरेन्द्र,उत्प्ला कोस्मे, बिमला ठाकुर, चन्द्रकुमार देशलहरे, तरामसिंह सागार, ताजीराम,भुनेश कुमार, राधेलाल निर्मला बाई,टीकाराम देशमुख कमलनारायण, आदि उपस्थित थे।

# सशिमं में केंद्रीकृत बोर्ड परीक्षा के परिणाम शत-प्रतिशत रहा






हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

सरस्वती शिशु मंदिर मुक्ताश्रम हथौद का केंद्रीकृत बोर्ड परीक्षा पांचवीं व आठवीं का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा।



महर्षि मुक्त शिक्षण समिति मुक्ताश्रम हथौद करहीभदर द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय मुक्ताश्रम हथौद करहीभदर में केंद्रीकृत बोर्ड परीक्षा पांचवी व आठवीं का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ जिसमें पूरे संकुल में परीक्षा परिणाम सर्वाधिक रहा।

प्राथमिक विभाग में कक्षा पंचम में भावेश कुमार यादव 97.50 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रहे, सोनाक्षी साहू 97 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रहे, पायल साहू, इलेश कुमार, नीरज कुमार 96 प्रतिशत प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहे, देवयानी धनकर 94.50 प्रतिशत प्राप्त कर चतुर्थ स्थान पर रहे, तान्या 94 प्राप्त कर पंचम स्थान पर रहे। पूर्व माध्यमिक विभाग कक्षा अष्टम में राहुल पाण्डेय 95.67 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रहे, आयुष राणा, तनुश्री यादव 93.17 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रहे, नीरज कुमार 92.83 प्रतिशत प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहे, दर्शना ठाकुर 92.67ः प्रतिशत प्राप्त कर चतुर्थ स्थान पर रहे, कु. दीक्षा रावटे 92.17 प्रतिशत प्राप्त कर पंचम स्थान पर रहे। सभी भैया बहन प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए विद्यालय का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा।

उक्त सफलता पर विद्यालय के व्यवस्थापक ओमप्रकाश गजेंद्र, समिति अध्यक्ष जागेश्वर सिंह साहू, प्राचार्य पवन कुमार साहू सहित समस्त आचार्य एवं दीदियों ने इस सफलता पर उज्जवल भविष्य की कामना एवं बधाई संप्रेषित की।

# पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने कलेक्टर मिश्रा ने की भेंट



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने नव पदस्थ नव पदस्थ कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया, बालोद अध्यक्ष नंदकिशोर साहू ने कलेक्टर को अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद बालोद के क्रियाकलापों के बारे में जानकारी दी। उन्होने बताया कि पूर्व सैनिक सेवा परिषद पिछले 4 वर्षों से बालोद जिला मुख्यालय तथा वनांचल के युवाओ को अग्निवीर तथा अर्धसैनिक बलों में भतएँ हेतु निःशुल्क शारीरिक प्रशिक्षण शिविर आयोजित करते आ रहा है। जिसमें युवाओं का भारतीय थल सेना, नेवी, एयरफोर्स, अर्ध सैनिक बल, जिला पुलिस बल के चयन में सफलता मिली है।

इसके साथ पूर्व सैनिकों के द्वारा मतदाता जागरूकता, यातायात जागरूकता, रक्तदान जैसे अभियान चलाकर समाज को जागरूक करने का प्रयास किया जाता है। इस अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला बालोद के जिला अध्यक्ष नंदकिशोर साहू, उपाध्यक्ष देवेंद्र डडसेना, बालोद ब्लाक अध्यक्ष किशोर नाथ योगी उपस्थित थे।

# कविताओं, कहानियों और गजलों से जगाई चेतना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

शाम के धुधलके में बारिश की फुहारों के बीच जब कविताओं की भी शीतल बयार चली तो सभी साहित्य प्रेमी भावविभोर हो गये। किसी ने कविता तो किसी ने कहानी और किसी ने गजलों से पुरानी यादों को तरोताजा करते हुए चेतना जगाई। अवसर था श्रमिक दिवस की

- काव्य संध्या में जुटे पुरानी पीढ़ी के साहित्यकार

पूर्व संध्या पर यादगार काव्य संध्या का। ट्विनसिटी के वरिष्ठ साहित्यकार इंद्रेन्दुशंकर मनु के निवास काव्यांगन परिसर रुआबांधा सेक्टर में जुटे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ व्यंग्यकार विनोद साव और विशिष्ठ अतिथि सेवानिवृत्त व्याख्याता और वरिष्ठ साहित्यकार इंदुशंकर मनु थे। अध्यक्षता छत्तीसगढ़ हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष रवि श्रीवास्तव ने की। इस अवसर पर साठ पार के साहित्यकारों ने अपनी संदेशपरक रचनाओं से पुराने दौर की गोष्ठियों और मेलमिलाप की यादें तरोताज कीं। कथाकार विजय वर्तमान ने अपनी कविताओं से प्रकृति और ग्राम्य परिवेश की खुशबू बिखेरी। उन्होंने इंदुशंकर मनु के काव्य संग्रह की कवितओं का भी पाठ किया। व्यंग्यकार रवि श्रीवास्तव ने घर और जिंदगी शीर्षक की कविताओं से घर की अहमियत बताई। सहदेव देशमुख ने अपनी कविता और इंदुशंकर मनु की कहानी तथा पुन्नू यादव ने भी काव्यपाठ किया। विमल शंकर झा विमल ने गजलें सुनाईं। विनोद साव ने अपनी व्यंग्य रचना खंडहरों की इबारत और कथाकार ऋषि गजपाल ने नक्सली दंश पर अपनी कहानी का पाठ किया। शिवनाथ शुक्ला ने भी कहानी सुनाई। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकारों ने भिलाई के पुराने दौर की साहित्यिक सक्रियता के माहौल की यादें भी साझा कीं। श्री साव ने कहा कि पहले का दौर आज के महानगरीय गोष्ठियों से अलग और अधिक सार्थक था।हमें पाठकों के संकट के दौर में अपनी सृजनात्मकता को बचाकर रखना है। श्री श्रीवास्तव ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम चेतना जगाने के साथ मेलमिलाप को भी प्रगाढ़ करते हैं। इस अवसर पर छग हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष रवि श्रीवास्तव ने वरिष्ठ साहित्यकार इंदुशंकर मनु का सम्मेलन की ओर से शाल व श्रीफल भेंटकर अभिनंदन किया। कार्यक्रम का संचालन साहित्यकार विजय वर्तमान और आभार प्रदर्शन इंद्रेन्दुशंकर मनु ने किया। पूर्व में अतिथियों का स्वागत वीरनारायण वर्मा व प्रिया सिंह ने किया।



# औद्योगिक नगरी में गूंजा श्रममेव जयते श्रमिक दिवस पर सम्मानित हुए मजदूर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

भिलाई। श्रमैव जयते..। औद्योगिक नगरी भिलाई में आज गुरुवार को बारिश और अंधड़ के बीच श्रमिक दिवस की गूंज रही। विभिन्न कार्यक्रमों में श्रमिक संगठनों ने मजदूरों के समर्पण और योगदान की याद दिलाते हुए अपने हक की आवाज बुलंद की। सभी ने सार्वजनिक उद्योगों और कर्मियों पर कुठाराघात पर असंतोष जताते हुए हितों की रक्षा नहीं होने पर संघर्ष जारी रखने का संकल्प जताया।

स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के द्वारा सेक्टर 4 कार्यालय में बारिश में भीगते हुए मई दिवस कार्यक्रम मनाया गया। बीएसपी में उत्कृष्ट योगदान के लिए ठेका मजदूरो को मुख्य अतिथि छग इंटक के उपाध्यक्ष पीयूषकर द्वारा सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक उपक्रमों के साथ प्राइवेट कंपनियों में भी निर्मित कर्मचारियों की भर्ती बहुत कम होने से अधिकांश कार्य ठेका पद्धति या आउटसोर्सिंग से किए जाने के विरुद्ध आवाज उठाने के साथ इंटक नियमित कर्मचारियों के साथ ठेका श्रमिकों के लिए भी सुविधाओं एवं वेतन में बढ़ोतरी के लिए प्रयासरत है। यूनियन अध्यक्ष संजय कुमार साहू ने स्वागत भाषण बीएसपी में 70% से अधिक योगदान देने वाले ठेका श्रमिकों के वेतन , सुविधाओं और सामाजिक सुरक्षा काम की गारंटी एवं सेवानिवृत्ति पश्चात पेंशन,आवास शिक्षा स्वास्थ्य में बेहतरी के लिए हमारी यूनियन संघर्ष कर रही है।

### इन ठेका श्रमिकों का सम्मान

सुरेश दास टंडन ,कान्हाराम ,दौऊलाल यशवंतयादव ,मनहरण ,नारायण ,नरेंद्र कुमार, केशव यादव ,के रामू ,कामता प्रसाद पटेल, बलराम वर्मा ,टोमन लाल संजय कुमार खरवार कृष्ण वर्मा राजू रजक देवेंद्र कुमार महेंद्र,उत्तरा संजीव कुमारमानिकपुरी, ओमप्रकाश जय कुमार इंद्र मनी धर्मेंद्र चौरे का सम्मान किया गया। जोन 5 के अध्यक्ष राजेश चौधरी एवं एसीसी सीमेंट इंटक अध्यक्ष भुपेश सिह उपस्थित थे। उपाध्यक्ष सीपीवर्मा के द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया । कार्यक्रम में आरसी अग्रवाल, शेखर शर्मा, दीनानाथ, मनोहर लाल, गोविंद राठोर, आर दिनेश, गुरुदेव साहू, जसबीर सिंह, गुलाब दास रिकी, राम साहू जयराम ध्रुव डीपी खरे संतोष ठाकुर दमन लाल जय कुमार इंद्रमणि उपस्थित थे।

# दिव्यांग और बुजुर्गों के लिए निःशुल्क बस सेवा की शुरु

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई




जिले में दिव्यांग, वरिष्ठजनों के लिए निःशुल्क बस सेवा शुरू की गई है। सुपेला घड़ी चौक से वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन ने हरीझंडी दिखाकर बस सेवा को शुरू किया। दिव्य रथ नाम से बस को सुबह साढ़े 10 बजे रवाना किया गया। इस दौरान जरूरतमंदों को कमर पट्टा, वाकिंग छड़ी और व्हील चेयर वितरण भी किया गया। रिकेश सेन ने कहा कि दिव्यांगजन और वृद्धजन के लिए निःशुल्क बस सेवा की शुरुआत की जा रही है। यह सेवा कॉम्पोजिट रीजनल सेंटर (सीआरसी) राजनांदगांव के माध्यम से संचालित होगी। इसके अंतर्गत प्रत्येक सप्ताह के मंगलवार और गुरुवार को निशुल्क बस दुर्ग-भिलाई से सीआरसी राजनांदगांव तक चलेगी। इससे हमारे दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिक चिकित्सा, पुनर्वास, परामर्श और अन्य आवश्यक सेवाओं का सहज रूप से लाभ उठा सकें। दिव्यांगजन कौशल विकास, पुनर्वास एवं सशक्तिकरण के समेकित क्षेत्रीय केंद्र ठाकुर टोला राजनांदगांव में सीआरसी वर्ष 2016 से संचालित है। जहां का भौतिक चिकित्सा विभाग बिना दवा के विभिन्न मशीनों तथा व्यायामों से हर उम्र के लोगों को स्वास्थ्य लाभ देता रहा है। यहां स्नायु संबंधी बीमारी, जोड़ों का दर्द, अकड़न, हड्डी टूटने की अक्षमता आदि को दूर किया जाता है। सेन ने कहा कि यह केवल एक बस सेवा नहीं बल्कि एक सम्मानजनक जीवन की ओर बढ़ता एक और कदम है।

HEALTH TOWN

k'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
"संस्कारित मातृत्व का पथ - गर्भसंस्कार कार्यक्रम"
मातृत्व की यात्रा को बनाएं सकारात्मक और सशक्त
"मातृत्व की ओर बढ़ते हर कदम में साथ आपके लिए विशेष दंपत्तियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम"
JOIN OUR SEMINAR
Mantras chanting | Yoga and exercise | Music therapy | garbh savand
14 मई, बुधवार 2025, समय : 04.00 PM
◂ रजिस्ट्रेशन के लिए स्केन करें
SCAN ME
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : महाराष्ट्र मण्डल चौबे कालोनी, रायपुर 492001,
मो. 91119-12122, 91119-22122 www.shreyanayurveda.com
Dr. Pallavi Kshirsagar

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप

## प्राणघातक हमला करने वाले दो युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** बदमाश राहुल सिंह पर प्राण घातक हमला करने के मामले में पुलिस ने दो युवको को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 109 (1), 61 (2) बीएनएस के तहत जुर्म दजर्द किया है। पुलिस प्रवक्ता पद्मश्री तंवर ने बताया कि लक्ष्मी नगर सुपेला के पास साजिश के तहत रोहित तिवारी और राजा पिल्ले नामक युवकों ने राहुल को जान से मारने की नियत से बकरा काटने वाले चापड़ से प्राण घातक हमला कर फरार हो गए। गंभीर अवस्था में राहुल को अस्पताल में उपचार के लिए दाखिल कराया गया। जिसकी हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। पुलिस की शिकायत पर आरोपी युवकों की तलाश में जुटी रही। सुपेला पुलिस ने शंकर चौक निवासी रोहित तिवारी एवं भीम नगर सूरज साहनी को गिरफ्तार किया गया है।

## गांजा तस्करी करने वाले दो पुलिस गिरफ्त में

**भिलाई।** गांजा तस्करी करने वाले दो को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। मुखबिर की सूचना पर नवकार परिसर पुलगांव नाला के पास शिव मंदिर दुर्ग में एक वृद्ध गांजा बेच रहा था। पुलिस घेराबंदी कर गांजा बेचने वाले को गिरफ्तार किया है। पूछताछ करने पर वृद्धो ने अपना नाम नवकार परिसर पुलगांव नाला के पास दुर्ग निवासी राजकुमार यादव और शंकरपुर वार्ड चिखली राजनांदगांव लोमन सिंह नावेलकर बताया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने 420 ग्राम गांजा जब्त किया। गांजा बेचने के नगदी रकम समेत 48 हजार 480 रूपये जब्त किया गया।

## दो वाहन चोर गिरफ्तार

**भिलाई।** बाइक चोरी करने वाले दो युवको को पुलिस ने पकड़ा है। युवकों के खिलाफ पुलिस ने धारा 303 (2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि केलाबाडी निवासी रामकुमार सोनकर की जिला न्यायालय के सामने से एक्टिवा सीजी 07 एएस 8120, राजीव नगर दुर्ग तपन यादव की बाइक सीजी 07 एलएल 8574 को अज्ञात ने पार कर दिया था।

निधन

## कामता प्रसाद दुबे



**बालोद।** नगर निवासी कामता प्रसाद दुबे का निधन दुर्ग शहर मे हो गया है, वे आदर्श नगर दुर्ग में निवासरत थे, उनका अंतिम संस्कार दुर्ग मे हुआ। वे जिला दस्तावेज लेखक संघ बालोद के जिलाध्यक्ष लक्ष्मी दुबे के बड़े भैया थे।

## चंदन कुमार देशमुख



**डौंडीलोहारा।** ब्लॉक के दुधली (मालीघोरी) निवासी चंदन कुमार देशमुख पिता मनोज कुमार देशमुख उम्र 18 वर्ष का अकास्मिक निधन शुक्रवार को हो गया है, जिसका अंतिम संस्कार आज शनिवार को गृह ग्राम दुधली बस्ती मुक्तिधाम में किया जाएगा।

सुशासन तिहार : कलेक्टर मिश्रा के निर्देशानुसार प्रत्येक शिविर के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई

# सुशासन समाधान शिविर का शुभारंभ 5 को विकासखंड के लाटाबोड़ से किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राज्य शासन के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम सुशासन तिहार के प्रथम चरण के अंतर्गत आम जनता से प्राप्त आवेदनों के निराकरण संबंधी जानकारी आवेदकों एवं आम नागरिकों को देने हेतु सुशासन तिहार के तृतीय एवं अंतिम चरण के अंतर्गत बालोद जिले में 05 मई से समाधान शिविरों के आयोजनों का सिलसिला प्रारंभ हो जाएगा। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले के सभी विकासखण्डों के अलग-अलग स्थानों पर 05 मई से 31 मई तक आयोजित होने वाले समाधान शिविरों के सफल आयोजन हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित कर ली गई है। कलेक्टर मिश्रा के निर्देशानुसार प्रत्येक समाधान शिविरों के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। अपर कलेक्टर एवं जिला पंचायत के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक ने बताया कि जिले में सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविर का आगाज 05 मई को बालोद विकासखण्ड के ग्राम लाटाबोड़ से किया जाएगा। शासकीय हाई स्कूल मैदान लाटाबोड़ में शिविर का आयोजन किया जाएगा। जहां बालोद विकासखण्ड के ग्राम टेकापार, नेवारीकला, देवीनवागांव, अरौद, भोईनापार, खपरी, लोण्डी, बेलमाण्ड, पड़कीभाट, उमरादाह, हीरापुर, झलमला, सिवनी एवं बोरी के निवासी शामिल होंगे।

- शिविरों का आयोजन सुबह 10 से दोपहर 03 बजे तक किया जाएगा

इसी तरह डौण्डी विकासखण्ड के शाला मैदान खल्लारी में 06 मई को समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसमें डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम अड़जाल, दानीटोला, भैंसबोड़, सुवरबोड़, गुजरा, धोबिन अ, धोबिन ब, टेकाडोढ़ा के निवासी शामिल होंगे। इसी तरह 07 मई को गुरुर विकासखंड के हायर सेकेंडरी स्कूल मैदान सनौद में समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विकासखंड के ग्राम पिकरीपार, अरमरीकला, अरकार, हसदा, डोटोपार, भिरई, बोहारा, सांगली, ओझागहन, मोहारा, कोसागोंदी, जेवतरतला, डांडेसरा के निवासी शामिल होंगे।

गुण्डरदेही विकासखंड के ग्राम पंचायत भवन मोंहदीपाट में 08 मई को समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें गुण्डरदेही विकासखंड के देवरी द, गोड़ेला, खुरसूनी, चीरचार, जेवरतला, बोड़ेना, सिब्दी, भरदाकला, मोंहदीपाट, बघेली, खुरसूल, गब्दी के निवासी शामिल होंगे। डौण्डीलोहारा विकासखंड के शासकीय हाई स्कूल मैदान नाहंदा में 9 मई को समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें डौण्डीलोहारा विकासखंड के ग्राम महाराजुपर, गिधवा, पिनकापार, मुजगहन, चे.ब. नवागांव, जेवरतला, रानीतराई, भरदा, हरदी, औंरी, टटेंगा, नाहंदा, पीपरखार ना, संबलपुर क, खामतराई, देवरी, खपराभाठ, सुरसुली, कुआगांव, मारएँ, बेहराभाठा, फुलसुन्दरी, रीवागहन के निवासी शामिल होंगे। नगर पंचायत चिखलाकसा में 10 मई को कार्यालय भवन नगर पंचायत चिखलाकसा में नगर पंचायत के समस्त वार्डों के लिए समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। बालोद विकासखण्ड के शासकीय हाई स्कूल मैदान जुंगेरा में 10 मई को समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

जिसमें बालोद विकासखण्ड के ग्राम परसदा, सांकरा (ज), दरबारी नवागांव, जगन्नाथपुर, घुमका, कोहंगाटोला, तरौद, मनौद, खेरथाडीह, जुंगेरा, भोथली, ओरमा, बघमरा, डेंगरापार, खैरतराई के निवासी शामिल होंगे। डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के हाई स्कूल मैदान सुरेगांव में 13 मई को समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम बीजाभांठा, हथौद, डेंगरापार, रानीतराई (कि), किसना, सिंगारपुर, भालूकोन्हा हड़गहन, भुरकाभाट, मनकी (क), केवट नवागांव, सुरेगांव, झिटिया, परसाडीह (सु), फरदफोड़, भण्डेरा पसौद, परसुली, मुढ़िया, भेड़ी (सु) अहि. नवागांव के निवासी शामिल होंगे।

### शिविर का समापन पलारी में होगा

इसी तरह नगर पंचायत पलारी में 31 मई को नगर पंचायत भवन पलारी में समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें नगर पंचायत पलारी के समस्त वार्डवासी शामिल होंगे। गुरूर विकासखण्ड के खेल मैदान धनोरा में 31 मई को समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें गुरूर विकासखण्ड के ग्राम सोरर, बगदई, सोंहपुर, अर्जुनी, रमतरा, सुर्रा, भानपुरी, छेड़िया, कपरमेटा, टेंगना बरपारा, भरदा, धनोरा, पेंवरो, घोघोपुरी, तारएँ, धोबनपुरी के निवासी शामिल होंगे। समाधान शिविरों का आयोजन निर्धारित तिथि को सुबह 10 बजे से दोपहर 03 बजे तक किया जाएगा।

## अक्षय तृतीया पर पितरों को जल तर्पण पुण्यदायी : पं. महेंद्र दुबे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

अक्षय तृतीया महापर्व के उपलक्ष्य पर जिला मुख्यालय के सुखाश्रय वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गो के लिए विहिप जिला बाल संस्कार केंद्र प्रमुख समाज सेविका व एकता महिला ग्रुप की पूजा जैन ने पांच दिवसीय राम कथा का आयोजन किया है। पंडित महेन्द्र दुबे के वाणी से कथा का श्रवण सभी वृद्धजन कर रहे है। मान्यता है कि अक्षय तृतीया पर पूर्वजों और पितरो को जल देने का विशेष महत्व है, इसी विषय का चिंतन करते हुए अपनों से दूर वृद्धा आश्रम में अपना जीवन यापन कर अपना समय व्यतीत कर रहे बुजुर्गों को राम कथा का श्रवण कराने का निर्णय लिया गया ताकि उन्हें भी मोक्ष मार्ग की प्राप्ति हो सके। सांसारिक दुःखो से मुक्ति हो सके। इस अवसर पर पूजा जैन ने अन्न और ऋतू फल का दान किया। पूजा जैन ने पुर्व मे भी भगवान रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने के महोत्सव के अवसर पर भी आश्रम में गीता पाठ और राम संकीर्तन का आयोजन किया था। पूजा जैन ने कहा कलयुग का सबसे उत्तम मंत्र श्री राम नाम माना जाता है जो सबसे उत्तम और शक्तिशाली माना जाता है।

## ग्राम भरीटोला में किया तालाब गहरीकरण के लिए भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी



ग्राम पंचायत भरीटोला 36 में आज तालाब गहरीकरण कार्य का भूमिपूजन किया गया, इस अवसर पर जनपद पंचायत के अध्यक्ष श्रीमान मुकेश कोड़ों जी, जिला पंचायत के सदस्य श्री मिथलेश निरोटी जी, क्षेत्र की लोकप्रिय जनपद सदस्य श्रीमती रत्ना हिरवानी जी की गरिमामई उपस्थिति में की गई एवं आज का दिन श्रमिक का दिन है इस अवसर पर हमारे ग्राम के श्रमिक साथियों का सम्माननीय अतिथियों के द्वारा श्रीफल, तिलक चंदन लगाकर सम्मान किया गया है इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच श्री रेवा रावटे जी, उपसरपंच अग्रेश्वर कृपाल, भुवन साहु, धनेश भूआर्य, शंकर नेताम, दावेन्द्र मेरीया, श्रीमती सरस्वती गावर, माधुरी राणा, चैती बाई, अनुपा विश्वकर्मा, तामेश्वरी साहू, ग्राम पंचायत सचिव धनवा राम नागवंशी जी, रोजगार सहायक विजय बघेल जी, ग्रामवासी रामस्वरूप यादव, रहीश धनीलिया, सेवक साहू, नरेश अमरिया, केवल गवर्नर, रानू साहू ( मेट) श्रीमती कुलेश्वरी रावते, रिधेश्वरी यादव (मेट)श्रीमती तारा बाई राणा, हेमिन गवर्नर, राजकुमारी, निर्मला सेन, रत्ना गवर्नर, चमरू राम, रामश्रय नेताम, हेमलाल सेन,नवल राणा, एवं ग्रामवासी उपस्थित होकर भूमिपूजन कार्यक्रम को सफल बनाए।.

## नया ग्राम विकास समिति का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुर



ग्राम दियाबाती में ग्राम पटेल प्रमुख मनीराम साहू के माध्यम से ग्राम विकास समिति के त्यागपत्र के आवेदन के आधार पर बैठक रखा गया। जिसमे ग्रामवासी के समक्ष त्यागपत्र का वाचन किया गया।

ग्रामवासी द्वारा त्यागपत्र को मंजूर करने करते हुए नया ग्राम विकास समिति के गठन के बारे मे चर्चा किया गया। जिसे सर्व सम्मिति से प्रस्ताव पारित कर नया ग्राम विकास समिति का गठन किया गया। ग्राम विकास समिति के नए पदाधिकारी मे अध्यक्ष भीखमलाल साहू मनोनित हुए, उपाध्यक्ष लीलाधर साहू, कोशाध्यक्ष मनीश कुमार साहू, सचिव संतोश कुमार, सहसचिव दयाराम साहू, सदस्य लल्लूराम, समाज सेवक सुनील कुमार, विष्णु राम, डोमन लाल, एस कुमार बनपेला, नोहर लाल, महेन्द्र कुमार, कमलेश कुमार, संरक्षक मनीराम साहू, द्वारिका साहू, भूपत राम साहू, सलाहकार लेखराम साहू, मनहरण साहू, कलाराम साहू, संरक्षक देवनारायण, सेवकराम साहू, पुने"वर साहू, योगेन्द्र कुमार, टिकेशवर साहू, रोहित यादव, शिवप्रसाद को बनाया गया है। पंचगण उर्मिला चोवाराम साहू, भाती हरेन्द्र साहू, एस कुमार साहू, राकेश यादव, शिव कुमारी साहू, तुलाराम, किरण कुमार को बनाया गया है। बैठक मे ग्रामीण बड़ी संख्या मे उपस्थित थे। सभी ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से पुराने ग्राम विकास समिति के स्थान पर नए पदाधिकारियों का चुनाव किया।

## कलेक्टर से मुलाकात करने पहुंची जनपद पंचायत

**डौंडी।** डौंडी ब्लॉक से जनपद पंचायत से कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा से क्षेत्र के शिक्षा स्वास्थ्य बिजली को लेकर विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया जिनसे जल संकट को लेकर विशेष चर्चा किया गया। जिसमें कलेक्टर महोदय द्वारा सुशासन में दिया गया योजना के बारे में जल्द से जल्द निराकरण करने का आश्वासन दिया गया। जिसमें जनपद अध्यक्ष मुकेश कौड़ों जनपद उपाध्यक्ष भोलाराम नेताम जनपद सदस्य तुलेश्वर हिचामी साधना सोरी रत्न हिरवानी झामीत धनेलिया मंजू बैस आशा आर्य आदि लोग मौजूद थे।

## तूफान ग्राम अचौद में टिन शेड उड़ा



**गुण्डरदेही।** गुरुवार को आए आंधी तुफान ने ग्राम अचौद निवासी चिमन लाल चंद्राकर का घर मे लगे टीन शेड उड़कर दुर जा गिरा, हालाकि इस घटना से किसी को कोई चोट नहीं आई, परिवार के सभी लोग सुरक्षित है, लेकिन उनका कार इस घटना से क्षतिग्रस्त हो गया। चिमन चंद्राकर ने बताया की कार को रखने के लिए कुछ दिन पहले ही टीन शेड लगाया था वो गुरुवार को भयानक अंधड़ से उड़ गया।

## रेडक्रास सोसायटी ने प्याऊ घर का किया शुभारंभ




**बालोद।** भारतीय रेडक्रांस सोसायटी बालोद द्वारा प्याऊ घर का शुभारंभ किया गया, जिससे इस गर्मी के मौसम मे राहगिरो को पानी की सुविधा मिल पाएगा। इस शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी के द्वारा किया गया। जिसमे रेडक्रास समिति के पदाधिकारियो के साथ सदस्य व नगर के अन्य लोग उपस्थित थे।

## श्रमिक दिवस पर विधायक संगीता ने बोरे बासी खायीं



**गुरूर।** मजदूर दिवस के अवसर पर कांग्रेस द्वारा आयोजित बोरे बासी कार्यक्रम मे विधायक संगीता सिन्हा ने देशी भाजी व प्याज के साथ बोरे बासी को सेवन कर छत्तीसगढ़ के परंपरागत भोजन के पोष्टिक गुण व बासी की महत्ता को सथापित किया। इस दौरान विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि मजदूर तेज धूप के साथ ठंड, बरसात मे काम करते है और देश को आगे बढ़ाने मे अपना महत्वपूर्ण योगदान निभाते है। उन्होने कहा छत्तीसगढ़ मे गर्मी के दिनो मे आम जनता के साथ मजदूरो द्वारा बोरे बासी खाया जाता है जो भोजन के सांथ ताजगी व तंदरुस्ती प्रदान कता है। ऐसे मे हम मजदूरो के सम्मान मे मजदूर दिवस के अवसर पर बोरे बासी दिवस के रूप मे मना रहे है।

## नए छात्रावास अधीक्षकों की नियुक्ति शीघ्र होगी



**डौंडी।** ब्लॉक जनपद पंचायत से आदिवासी सहायक आयुक्त श्री संजय चंदेल से भेट मुलाकात किया जिसमें आदिवासी विभाग से आने वाले हर योजना को सभी के द्वारा अवगत कराया गया जिसमें डौंडी ब्लॉक में संचालित छात्रावासो के बारे में अगवत कराया गया छात्रावासो में सामान्य शिक्षकों को अधीक्षक बनाए गया है जिसमें आपति दर्ज किया गया ! सहायक आयुक्त ने बताया बहुत जल्द नए छात्रावास अधीक्षकों की नियुक्ति होगी इस प्रकार से कहा गया जिसमें जनपद अध्यक्ष श्री मुकेश कौड़ों जनपद उपाध्यक्ष श्री भोलाराम नेताम जनपद सदस्य श्री तुलेश्वर हिचामी श्रीमति मंजू बैस श्रीमति रत्ना हिरवानी श्रीमति झामीत धनेलिया श्रीमति आशा आर्य सुश्री साधना सोरी मौजूद थे।

## पेंशनधारी कल्याण संघ ने कलेक्टर से की मुलाकात



**बालोद।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ जिला बालोद ने जिला के नए नियुक्त जिलाधीश दिव्या उमेश मिश्रा के कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात उनसे सौजन्य भेंट की। छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ के जिला अध्यक्ष डॉक्टर आरएम चावड़ा के नेतृत्व में कोषाध्यक्ष आईएन योगी, सचिव पीएल देशमुख, उपाध्यक्ष बीआर साहू, महामंत्री बीआर बेलसर, संगठन मंत्री आरके साहू एवं सक्रिय सदस्य मुरारी लाल साहू उपस्थित हुए। जिलाधीश दिव्या मिश्रा ने पदाधिकारियो से संवाद करते हुए पर्यावरण एवं जल संरक्षण हेतु पौधारोपण कार्य एवं सामाजिक दायित्वो के कार्यो मे सहभागिता प्रदान करने हेतु ध्यान आकृष्ट किया।

## खुंदनी शाला में 8वीं के बच्चों को दी गई विदाई



**गुरूर।** शासकीय पुर्व माध्यमिक शाला खुंदनी के कक्षा 8वी के विद्याथऍयो को विदाई दिया गया। साथ ही कक्षा 8वी का परीक्षा परिणाम घोशित किया गया। इस अवसर पर ग्राम खुंदनी के सरपंच अपने उद्बोधन में बच्चो को आगे के कक्षाओं में अच्छे अंक लाने के लिए प्रेरित किया, प्रधान पाठक सारिका चौधरी ने बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य निर्माण के लिए मार्गदर्शन किया। संकुल समन्वयक हेमलाल पटेल ने बच्चों को अच्छे नागरिक बनने के लिए उत्साहित किया। विदाई कार्यक्रम में शाला के विधाथऍ, एसएमसी के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्य, शिक्षक नारद राम साहू, शिक्षिका प्रीति माला नेताम, एसएमसी के सदस्य गण उपस्थित थे।

## अंधड़ में फंसे बाइक चालक पर गिरा पेड़

**भिलाई।** अहिवारा-कुम्हारी मार्ग पर अंधड़ में फंसे एक व्यक्ति पर बबूल का पेड़ गिर गया। वह बुरी तरह घायल हो गया। बताया जाता है कि भारी बारिश के चलते बबूल का पेड़ टूट कर गिर गया। यह मोटरसाइकिल सवार पेड़ से टकराकर गिर गया। घायल गाड़ी नंबर सीजी 07 बीवी 0250 से धमधा की तरफ जा रहा था। विद्याभूषण दुबे ने बताया कि उन्होंने घटना के बाद 112 नंबर पर फोन भी किया, लेकिन वाहन नहीं पहुंचा। बाद में स्थानीय लोगों की मदद से घायल को अस्पताल पहुंचाया गया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, खैमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

प्रधानपाठक की सेवानिवृत्ति पर समारोहपूर्वक दी विदाई

## ग्राम बरबट्टी पारा की प्राशा के परीक्षा परिणामों की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी



शास प्राथ शाला बरबट्टी पारा की शाला के परीक्षा परिणाम घोषित एवं सेवा निवृत्त प्र पाठक एवं पदोन्नत शिक्षाको का विदाई समारोह वि ख डौणडी शास प्राथ शाला बरबट्टी पारा में शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष, सदस्य, पालकों, शिक्षाको एवं छात्र, छात्राओं की उपस्थिति में कक्षा पहिली से कक्षा पांचवीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषणा बुधवार 30.04.2025 को की गई, जिसमें कक्षा पहिली में कु.एगिता कोरेटी 150मे138 अंक के साथ प्रथम स्थान द्वितीय यामिनी 150मे132अंक के साथ कक्षा तीसरी में प्रथम स्थान भुपेश टेकाम 200में 188अंक 94%द्वितीय आशीष कुमार निषाद 200 में 184 अंक 92%प्राप्त कर कक्षा चौथी में प्रथम आई वीरा कोरेटी 200मे188अंक 94%दितीय वन्दना 200 में 154 अंक के साथ 77% तथा कक्षा पांचवीं में अक्षय 200मे 160 अंक 80%बी ग्रेड व तनमय ग्वाले 200मे 127 अंक 63.50%के साथ द्वितिय स्थान प्राप्त किया सभी सफल छात्रों को गुलाल लगाकर स्वागत किया तथा बधाई दी गई तथा शाला के प्रधान पाठक श्री आनंद राम पिस्दा सर जी को सेवानिवृत्त होने पर विदाई एवं पूर्व में शाला में कार्य रत शिक्षकों श्री डी के भण्डारी एवं श्री सी आर रावटे सर जी को पदोन्नत होने पर विदाई सम्मान और कक्षा पांचवीं के छात्रों को भी विदाई दी गई व कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया जिसमें ग्राम के समस्त ग्रामीणों शिक्षक एवं छात्र छात्राओं का विशेष योगदान रहा जो काफी सराहनीय रहा कार्य क्रम का संचालन श्री लिलेश कुमार बघेल सर द्वारा किया गया अतिथियों के स्वागत के उपरांत भोजन व्यवस्था में शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष सदस्य शिक्षक एवं ग्रामीणों सहयोग रहा इस तरह कार्य क्रम की समाप्ति की घोषणा श्रीएल के बघेल सर द्वारा किया गया

